हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

11 एमएम कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट में राहुल और रितु बने 'बेस्ट एथलीट'



12 मोबाइल व लैपटॉप के ज्यादा प्रयोग से बच्चों को लग जाते हैं चश्में



## खबर संक्षेप

### आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज परिसर में इन दिनों आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या गंभीर समस्या बन गई है। महाविद्यालय के लोकसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन और विद्यार्थियों द्वारा कई बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद नगरपरिषद प्रशासन की ओर से अब तक यहां कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### महिला श्रमिक सम्मान योजना की पहल

**सिरसा।** हरियाणा में महिला श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री महिला श्रमिक सम्मान योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत महिला कामगारों को प्रतिवर्ष 5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को आवश्यक घरेलू और व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं खरीदने के लिए वित्तीय सहयोग देना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें और उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**सिरसा।** न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## पूर्व सांसद के साथ सीएम से मिले सदस्य, 23 को बैठक का दिया आश्वासन

# कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति अध्यक्ष को हटाने का मामला पहुंचा सीएम दरबार

**आधा घंटे चली बैठक में 16 सदस्यों ने बैठक स्थगित करने पर रोष जताया**

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया





रतिया। चण्डीगढ़ में सीएम से मिलते रतिया पंचायत समिति के बगावती सदस्य।

रतिया पंचायत समिति के कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष केवल कृष्ण मेहता को हटाने का मामला अब सीएम दरबार पहुंच गया है। पंचायत समिति के 21 में से 17 सदस्यों द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गुरूवार को होने वाली बैठक एडीसी के बीमार होने के कारण स्थगित हो गई थी। इसके बाद पूर्व सांसद एवं रतिया से विधानसभा चुनाव लड़ चुकी सुनीता दुग्गल ने इन सदस्यों को चण्डीगढ़ बुलाया और गुरूवार देर रात इनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करवाई।

करीब आधा घंटे चली गई बैठक में 16 सदस्यों ने प्रशासन द्वारा बैठक स्थगित करने पर रोष जताया। इस पर सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर 23 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग सिरे चढ़वाने का आश्वासन दिया। बता दें कि केवल कृष्ण मेहता करीब साढ़े तीन साल पहले बीजेपी में रहते हुए ही चेयरमैन बने थे, उस समय वह बीजेपी के मंडल अध्यक्ष थे। रतिया से तत्कालीन बीजेपी विधायक लक्ष्मण नापा के समर्थन से वह चेयरमैन बने थे, मगर अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वह लक्ष्मण नापा के साथ ही बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में चले गए। नापा और केवल मेहता पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को रतिया से टिकट दिए जाने से नाराज हो गए थे। उसके बाद विधानसभा चुनाव में दुग्गल 20 हजार से ज्यादा वोटों से हार गई। इससे खफा सुनीता दुग्गल समर्थक लगातार केवल मेहता को कुर्सी से हटाने के प्रयास कर रहे हैं। चेयरमैन केवल मेहता के खिलाफ एक बार पहले जनवरी 2025 में भी पंचायत समिति सदस्यों ने बगावत की थी। उस समय उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव रद्द हो गया था। तब खिलाफत करने वाले 12 सदस्य ही मीटिंग में पहुंचे थे, जबकि प्रस्ताव पास करने के लिए 15 सदस्यों की जरूरत थी।

### हार का बदला लेने के मूड में पूर्व सांसद

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने रतिया से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को मैदान में उतारा था। दुग्गल को टिकट देने से नाराज विधायक रहे लक्ष्मण नापा व केवल कृष्ण मेहता ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था। इस चुनाव में दुग्गल को हार का सामना करना पड़ा था। अपनी हार के लिए दुग्गल पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा और चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता को जिम्मेवार मानती है और उनके लिए पंचायत समिति चेयरमैन केवल मेहता को कुर्सी से हटवाना वर्चस्व की लड़ाई बन गया है। गुरूवार को जैसे ही दुग्गल को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक स्थगित होने का पता चला तो उन्होंने बगावती सदस्यों को चण्डीगढ़ बुलाकर उन्हें सीएम से मिलवाया।

### विरोधी खेमे के पास पर्याप्त बहुमत

रतिया पंचायत समिति के 22 सदस्यों में से एक सदस्य का निधन हो चुका है। ऐसे में 21 सदस्यों में से विरोधी खेमे को 14 सदस्यों की एकजुटता चाहिए। 14 सदस्यों द्वारा केवल मेहता के खिलाफ वोटिंग करने पर ही उनकी कुर्सी जाएगी। विरोधी खेमे का दावा था कि उनके पास पर्याप्त बहुमत है। सीएम से मिलने पहुंचे 16 सदस्यों ने उनके सामने चेयरमैन और लोकल स्तर पर कुछ राजनीतिज्ञों की शिकायत भी की। सदस्यों ने कहा कि चेयरमैन के खिलाफ सदस्यों में पूरी नाराजगी है। बीजेपी ने ही केवल मेहता को चेयरमैन बनाया और विधानसभा चुनाव के समय पार्टी छोड़कर चले गए। पार्टी के फैसले के खिलाफ बगावत कर दी थी। इस कारण पार्टी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा और संगठन को भी काफी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। सदस्यों ने कहा कि बीजेपी की खिलाफत करने वाले को चेयरमैन की कुर्सी पर बिल्कुल नहीं रहने देना चाहिए।



सिरसा। हिसार रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाती नगर परिषद की टीम।

# नगर परिषद की टीम ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

- दुकानदारों का सामान टीम ट्रैक्टर-ट्राली में ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगर परिषद द्वारा हिसार रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम ने रोड पर अवैध तरीके से अड्डों व रेहड़ियों को भी हटवा दिया। बस स्टैंड से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक लगी सैकड़ों रेहड़ियों को नगर परिषद की टीम ने हटवा दिया, जिससे रोड काफी चौड़ा नजर आया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह नगर परिषद की टीम पूरे लाव लश्कर के साथ बस अड्डा पर पहुंची और यहां से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। आनन-फानन में कुछ लोगों ने अपना सामान स्वयं हटवा लिया, जबकि कुछ सामान को टीम ट्रैक्टर ट्राली में डालकर ले गई। टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से बनाए अवैध तौर से बनाए अड्डों को ध्वस्त कर दिया। हिसार रोड पर अवैध तरीके से लोगों ने दस-दस फुट तक अड्डे बना बना रखे थे, जिससे सड़क संकरी हो गई थी। शहर का मुख्य मार्ग होने के कारण आवागमन में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### अतिक्रमण के कारण गलियां हो चुकी थी तंग

अतिक्रमण के चलते हादसों का भी खतरा बना हुआ था और लोगों को सड़क क्रॉस करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अतिक्रमण की वजह से शहर की तमाम सड़के, बाजार और गलियां तंग हो चुकी है। इससे परेशानी आमजन को ही भुगतनी पड़ती है। ऐसे में यदि नगर परिषद अभियान चला रही है, तो इसका विरोध नहीं बल्कि इसका सहयोग किया जाना चाहिए। एक बेहतर कदम की सराहना करनी चाहिए।

### तकनीकी पदों पर हो निष्पक्ष भर्ती: सुरेंद्र

**सिरसा।** आईटीआई पास अभ्यर्थियों की शुक्रवार को एक बैठक हुई जिसमें हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हाल ही में जारी भर्ती शेड्यूल के अंतर्गत ड्राफ्ट्समैन सिविल पदों से संबंधित बेरोजगार उम्मीदवारों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र ने की। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट्समैन सिविल पदों के लिए जारी विज्ञापन में कुछ पदों पर केवल आईटीआई योग्यता तथा कुछ पदों पर आईटीआई एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग दोनों की योग्यता मांगी गई है।

# सिरसा में होगी इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- विजेता टीम को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा

संत बाबा प्रीतम सिंह की याद में 14 मार्च को बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में 8वीं इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप होगी। शुक्रवार को बरनाला रोड स्थित एक निजी रेस्तरां में मीडिया से बातचीत में प्रधान दारा सिंह गिल वैदवाला, मनमिंदर सिंह एडवोकेट सिरसा, परमिंदर सिंह पटवारी, सैवी सिंह एडवोकेट, संदीप कंबोज एडवोकेट ने कहा कि चड़दी कला सरबत दा भला ट्रस्ट द्वारा टूर्नामेंट में पंजाब क्षेत्र के माझा, मालवा, दोआबा के साथ-साथ हरियाणा की मजबूत टीमें भाग लेंगी। खिलाड़ियों के ठहरने, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और दर्शकों के बैठने की विशेष तैयारियां की गई हैं। विजेता टीम को 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 4 लाख रुपए नकद दिए जाएंगे। इसके अलावा चार बाइक भी विभिन्न कैटेगरी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को प्रदान की जाएंगी। आयोजकों ने कहा कि सिरसा में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से इस स्तर की प्रतियोगिता करवाई जा रही है।





### शिक्षण इंटर्नशिप है शिक्षण उत्कृष्टता का सशक्त मार्ग: प्रो. मीना कुमारी

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रिसर्च कमेटी द्वारा टीचिंग इंटरनशिप एस ए पाथवे टू पेडागोजिकल एकसीलेंस विषय पर हाइब्रिड मोड में रिसर्च जरनल कलोकिया का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. मीना कुमारी मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंची। प्रो. मीना कुमारी ने बताया कि बीएड द्वितीय वर्ष की शिक्षण इंटर्नशिप केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षण उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का सशक्त मार्ग है।

### 6 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन के साथ दो काबू

**सिरसा।** पुलिस ने गांव मल्लेकां क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मल्लेकां पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि मल्लेकां चौकी की एक पुलिस टीम गश्त व चैंकिग के दौरान अनाज मंडी मल्लेकां क्षेत्र मे मौजूद थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर बाइक सवार युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान लवप्रीत उर्फ लवली पुत्र हरनेक सिंह निवासी गांव ढाणी प्रताप सिंह जिला सिरसा के रूप में हुई है। इसके अलावा सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव ओढ़ा क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 170 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है।






# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।*

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम



**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*



**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



*मुंबई। एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**रतिया।** नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में परचून में नशा बेचने वाले आरोपी को पहले ही दबोच चुकी है। आरोपी की पहचान मल्कीत सिंह पुत्र मिट्ठू राम निवासी रूड़ी वाली ढाणी, अहरवां के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि 16 जनवरी को एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम ने वार्ड नंबर 14, रामनगर कॉलोनी रतिया में नहर की पटरी के पास से हरजोत सिंह उर्फ ज्योति को गिरफ्तार किया था। उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई थी।

### जमीन कब्जाने व हमले का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव कुलां में हुए लड़ाई झगड़े और जबरन फसल काटने के प्रयास के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान प्रीतपाल सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह, निवासी कुलां के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरिक्षक सादीराम ने बताया कि रामफल निवासी गांव कुलां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 26 अक्टूबर 2025 को आरोपी पक्ष ने करीब 15-20 बाहरी गुंडों, हथियारों, कंबाइन मशीन और ट्रैक्टरों के साथ उनके खेत पर हमला बोल दिया था। जिस पर थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया गया।

### डॉ. मेघवाल को अमेरिकी विवि से मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**सिरसा।** डॉ. डीके मेघवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद



उपाधि से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. मेघवाल पिछले 15 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। उन्होंने चिकित्सा सेवा को केवल पेशा न मानते हुए उसे मानव सेवा का माध्यम बनाया। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर तथा जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों और उपचार में आर्थिक सहायता प्रदान करना उनके प्रमुख कार्यों में शामिल है।

### श्री सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि जागरण आज

**रतिया।** श्री काजलां धाम भगत मंडल द्वारा 21 फरवरी शनिवार को सांय 7 बजे श्री सुंदरकांड पाठ एवं अष्टम भव्य रात्रि जागरण का आयोजन अनाज मंडी प्रांगण में बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम में काजलां धाम से अंजनी कुमार जोशी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। इस भव्य कार्यक्रम में उत्सव स्थल को फूलों व रंगीन लाईटों व श्री बालाजी दरबार की आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की जाएगी। इस कार्यक्रम में छप्पन भोग व बीच-बीच में मनमोहक इत्र वर्षा देखने को मिलेगी।

## खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य हिस्सा: प्राचार्य

# एमएम कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट में राहुल और रितु बने 'बेस्ट एथलीट'

- खेल हमें अनुशासन और टीम-वर्क की भावना सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट में भाग लेते खिलाड़ी तथा विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

मनोहर मेमोरियल कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजन किया गया। खेल ग्राऊंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा और जोश का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत आगाज कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने ध्वजारोहण कर और खेल मशाल प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य हिस्सा हैं, जो अनुशासन और टीम-वर्क की भावना सिखाते हैं।

दिन भर चली इस मीट में विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य आकर्षण 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की स्पर्धाओं में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसके अलावा लॉन्ग जंप और शॉट पुट में भी खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाया। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज स्टाफ डॉ. राम गोपाल, डॉ. सुरेंद्र पाल सिद्धू, डॉ. विजय गोयल, अनु जिंदल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं जितेंद्र, सागर, बलवान, मंदीप और गुरप्रीत रेफरी की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन विकास और तान्या मेहता ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस व एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी वर्मा, डॉ. विकेश सेठी, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. प्रतिभा मखीजा के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया। प्रतियोगिता के अंत में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शानदार प्रदर्शन पर छात्र वर्ग में राहुल तथा छात्रा वर्ग में रितु को बेस्ट एथलीट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास और एसएस मल्होत्रा ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता

*लड़कों के मुकाबलों में लोंग जम्प में अजय, रूपेश और प्रवीन, 200 मीटर दौड़ में अजय, राहुल और ध्रुव, 400 मीटर दौड़ में राहुल, राकेश और प्रवीण कुमार क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 4 गुणा 100 रिले रेस में राकेश, प्रवीन, राहुल व साहिल ने प्रथम, रजत, देवेन्द्र, सुनील व रूपेश ने द्वितीय तथा मनीष, प्रवीण, आकाश व नवीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। 5 हजार मीटर दौड़ में राहुल, साहिल व राकेश अव्वल रहे। लड़कियों में लोंग जम्प में रितु, मनीषा व रविना, 200 मीटर दौड़ में सपना, नवदीप व आरजू, 400 मीटर दौड़ में निर्मला, वर्षा व रिते ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। 4 गुणा 100 रिले रेस में ममता, रितु, शिक्षु व नवदीप ने पहला, मोनिका, मनीषा, आरजू व निर्मला ने दूसरा तथा सपना, कविता, रविना व वीनू तीसरे स्थान पर रही।*



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# 25 को सीवरेज-पानी सप्लाई बंद करने की दी चेतावनी

## सस्पेंड एक्सईन को बहाल करने की मांग

- सरकार को 23 तक का दिया अल्टीमेटम, 24 को फतेहाबाद में प्रदर्शन कर डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन को सस्पेंड किए जाने से खफा कर्मचारियों ने अधिकारी की बहाली न होने पर 25 फरवरी को शहर की सीवरेज व पेयजल सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है। इस मामले को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी 24 फरवरी को शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपेंगे। यह निर्णय आज ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स की तीनों यूनियनों, डिप्लोमा इंजीनियरिंग संगठल, क्लेरिकल यूनियन की संयुक्त बैठक में लिया गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने की। बैठक में विभाग की सभी यूनियनों से जुड़े कर्मचारियों ने भाग लिया और हरियाणा सरकार द्वारा कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद बलविन्द्र नैन को निलंबित किए जाने को गलत बताया।


### सरकार कर्मचारियों पर बना रही दबाव

प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पीए ने रात को 10 बजे फोन किया। पीए ने कहा कि फोन अटैंड क्यों नहीं किया। हालांकि, एक्सईएन ने बाद में रिप्लाई भी किया, मगर उनकी बात सुने बिना ही उनको सस्पेंड कर दिया गया। उनके खिलाफ की गई कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। कर्मचारी नेता ने आरोप लगाया कि सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों को दबाकर रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पर हुई कार्रवाई से कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि सरकार ने 23 फरवरी तक निलंबन आदेश वापस नहीं लिए तो विभाग के सभी कर्मचारी 24 फरवरी को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पर धरना देंगे।

# शहर में नेशनल हाईवे पर सडक़ किनारे सीवरेज मेनहॉल धंसा, 5 फीट गहरे गड्ढे से हादसे का डर

- लगातार रिसाव के कारण मिट्टी खोखली हो गई और ऊपरी सतह भार सहन न कर पाई, जिससे जमीन धंस गई
- लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जीटी रोड पर सीवरेज लाइन धंसने से बना गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

नेशनल हाईवे पर शहर के बीचों बीच पर अचानक सडक़ धंसने के बाद सिवरेज का मैनहॉल धंस गया। पुराने पंजाब नेशनल बैंक के सामने गिल्लाखेड़ा भवन के पास सड़क किनारे जमीन धंसने के कारण लगभग 5 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। स्थानीय निवासी राजू ठाकुर, धर्मवीर, पटेल, लीलूराम और मनोज ने बताया कि सुबह भारी लोहे का सामान गुजरते समय सडक़ धंसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क के नीचे से गुजर रही सौवरेज लाइन लंबे समय से लोक हो रही थी। लगातार रिसाव के कारण मिट्टी खोखली हो गई और ऊपरी सतह भार सहन न कर पाई, जिससे जमीन धंस गई।

स्थानीय लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। बता दें कि हिसार सिरसा रोड पर बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है। इस दौरान अगर सीवर की लाइन धंस जाती तो हादसा हो सकता था। पिछले कई दिनों से यहां से हल्की धंसी और सीलन नजर आ रही थी। इस बारे में जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हिसार-सिरसा रोड के दुकानदारों का कहना है कि विभाग को कई बार सीवर लाइन लीकेज की शिकायत दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया। अब इस बड़े गहने के कारण आसपास की इमारतों की नींव पर भी खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने मांग की है कि सीवरेज लाइन की तुरंत मरम्मत की जाए। पूरे मार्ग पर अन्य लीकेज पॉइंटस की जांच हो। गड्ढे को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। इस बारे जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज का कहना है कि धंसी हुई सीवर लाइन को जल्द ठीक किया जाएगा। ज्यादा दिनों तक लगातार सीलन रहने से गड्ढा बन जाता है।

### धोखाधडी के मामले में तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** निवेश के नाम पर आमजन से धोखाधड़ी करने वाले के मामले में कार्रवाई करते हुए इकनॉमिक सैल फतेहाबाद पुलिस ने गिरोह के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को जेल भेज चुकी है। अब गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जितेंद्र भूटानी पुत्र कर्मचंद निवासी खरकड़ा, जिला हिसार के रूप में हुई है। इकनॉमिक सैल प्रभारी सन्दीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने सुरेश कुमार निवासी गांव मताना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि नामजद आरोपियों द्वारा खुद को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था का एजेंट बताकर उसे लुभावनी स्कीमों में निवेश करने के लिए प्रेरित करके लाखों रूपए गबन कर लिये। इस पर थाना शहर फतेहाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## न्यूज डायरी

### मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार




**कालांवाली।** पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीशुदा दो मोटरसाइकिल भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी पंजाब के बठिंडा जिला के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी व एनडीपीएस एक्ट जैसे कई मामले दर्ज हैं। डीएसपी संदीप धनखड़ ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए यह खुलासा किया। डीएसपी ने बताया कि कालांवाली निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों बठिंडा निवासी अमित कुमार व बलराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने हरियाणा के अलावा पंजाब, राजस्थान व दिल्ली में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चार मोटरसाइकिल बरामद कर लिए हैं।

### सीडीएलयू में प्रोजेक्ट फंडिंग विषय पर कार्यशाला



**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में शुक्रवार को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड रिसर्च प्रोजेक्ट फंडिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने औद्योगिक डिजाइन, डिजाइन पंजीकरण की पात्रता, पंजीकरण की प्रक्रिया तथा इसकी 15 वर्ष की वैधता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नवाचारों और उत्पादों को कानूनी संरक्षण प्रदान किया जा सकता है। द्वितीय तकनीकी सत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली के कुलसचिव प्रो. हितेश शर्मा ने रिसर्च प्रोजेक्ट फंडिंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शोध विचार और नवाचार एक-दूसरे के पूरक हैं तथा सशक्त शोध प्रस्ताव तैयार कर विभिन्न वित्तपोषण एजेंसियों से अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने शोधार्थियों को नवीन एवं समाजोपयोगी विषयों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. उमेद सिंह, प्रो. राम मेहर दीक्षित, डॉ. रोहतास, डॉ. गीता राठी सहित अन्य प्राध्यापक गण मौजूद थे। मंच संचालन डॉ. रोहतास ने किया।

### राज्य स्तरीय वाद-विवाद स्पर्धा में सीएमके को दूसरा स्थान



**सिरसा।** सीएमके स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता विकसित भारत 2047 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों का नेतृत्व कर रही राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अनीता सिंह ने बताया कि विद्यार्थी सेवा सिंह एवं दीक्षा बंसल ने विषय की गंभीरता को समझते हुए अत्यंत सशक्त एवं तथ्यपूर्ण प्रस्तुति दी। दोनों विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 विषय पर अपने तार्किक, प्रभावशाली एवं तथ्यपूर्ण वक्तव्य से निर्णायक मंडल और श्रोताओं को प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति में समसामयिक मुद्दों, युवा शक्ति की भूमिका, शिक्षा, तकनीकी नवाचार, आर्थिक सशक्तिकरण तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर विशेष बल दिया गया। प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सीएमके महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव अहरवां में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे गजन सिंह पुत्र लखा सिंह निवासी गांव अहरवां ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 18 जुलाई 2024 को सुबह उसने अपनी मोटरसाइकिल अपने घर के बाहर गांव अहरवा में खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद जब वह घर से बाहर आया तो मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। इस मामले में अब पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ बच्ची पुत्र सूरजभान निवासी महावीर कॉलोनी, हिसार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मोबाइल छीनने व धमकी देने के मामले में युवक काबू

**फतेहाबाद।** दो भाइयों से मारपीट कर मोबाइल छीनने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने रमन पुत्र रघुवीर सिंह निवासी कल्याण नगर, मनियाना रोड, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि 28 जनवरी शाम को वह वह अपने घर से मोटरसाइकिल पर पाल कार एजेंसी, रतिया रोड, टोहाना की ओर जा रहा था। मौनी वाली जोहड़ी के पास कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोककर उसके व उसके भाई लक्की के साथ मारपीट की और उससे दो मोबाइल फोन छीन लिए। छीना-झपटी के दौरान उसकी जेब से लगभग पांच हजार रुपये भी गिरकर खो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि बाद में आरोपियों द्वारा फोन कर उसे धमकाया गया तथा मोबाइल वापस करने के बदले पैसों की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि उसके मोबाइल में मौजूद निजी डाटा, फोटो, वीडियो व बैंकिंग संबंधी जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जांच के दौरान आरोपी की पहचान अजय पुत्र विजय गोस्वामी निवासी गुरु रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में की तथा उसे काबू किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने तथा उसकी अश्लील फोटो/वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना जाखल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि पीड़िता ने अपनी माता की उपस्थिति में शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी मोनू सिंह पुत्र गोबिंद निवासी चांदपुरा ने उसे बहला-फुसलाकर एक स्थान पर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया तथा उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। आरोप है कि बाद में आरोपी ने उक्त सामग्री को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे पीड़िता की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। शिकायत के आधार पर थाना जाखल में 17 फरवरी को मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मोनू सिंह पुत्र गोबिंद निवासी चांदपुरा को काबू कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी में दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रमेश पुत्र कालू राम निवासी ढाणी जल्लोपुर के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने गुरमीत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी गांव नंगल ढाणी, रतिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके पुत्र को कनाडा भेजने के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा लाखों रुपये की ठगी की गई। आरोपियों ने वीजा, वर्क परमिट, टिकट तथा अन्य दस्तावेज तैयार करवाने का झांसा देकर उससे व अन्य युवकों से बड़ी राशि प्राप्त की, लेकिन न तो उन्हें विदेश भेजा गया और न ही ली गई राशि वापस की गई।

# चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने दुकान से तांबे की तार चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि दुकान मालिक लखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 17 फरवरी की दोपहर में कुछ अज्ञात युवकों ने दुकान के अंदर घुस कर दुकान से 15 किलो तांबे की तार चोरी कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की थी। जांच के दौरान रानियां थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी आरोपी पवन कुमार उर्फ पोनिया पुत्र बीरबल निवासी गांव मुसली जिला सिरसा को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने कंगनपुर रोड बेगू क्षेत्र से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा



सदर थाना सिरसा प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि शाहपुर बेगू निवासी मंदीप पुत्र सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 17 फरवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात युवकों ने खेत से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी कर मौका से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बॉबी उर्फ गोबी पुत्र मंगल सिंह व साहिल उर्फ सोहन लाल निवासी मेला ग्राउंड सिरसा को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा केबल बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

## ग्राम पंचायतों में वार्ड वार प्रारूप मतदाता सूची तैयार की जाएगी

# उपचुनाव के लिए 28 तक तैयार करनी होगी मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के पांच सरपंच, 26 पंच तथा तीन ब्लॉक समिति सदस्यों के रिक्त पदों के उप चुनाव करवाने से पूर्ण मतदाता सूची तैयार करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा सरपंच, पंच, पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के रिक्त पदों पर प्रस्तावित उपचुनाव करवाने के लिए पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत / पंचायत समिति की मतदाता सूची तैयार करवाने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत संबंधित ग्राम पंचायतों में वार्ड वार प्रारूप मतदाता सूची तैयार की जाएगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शांतनु शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 फरवरी तक संबंधित वार्डवार ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद 2 मार्च को सभी वार्डों की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद नौ मार्च तक आमजन से दावे और आपत्तियां मांगी जाएगी। मतदाता सूची में नाम जोडऩे, हटाने या संशोधन के लिए 9 मार्च तक प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 12 मार्च तक किया जाएगा। इसके बाद आवेदक उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष 16 मार्च तक अपील कर सकेगा। इन अपीलों का निस्तारण 19 मार्च तक किया जाएगा। समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को किया जाएगा। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूरे किए जाएं।

### इन जगहों पर होंगे उप चुनाव

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शांतनु शर्मा ने बताया कि सरपंच पद के लिए पांच ग्राम पंचायतों में उप चुनाव होंगे जिनमें बीरूवालागुढा, मलड़ी, चिलकनी ढाब, बरुवाली द्वितीय व धमोड़ा थेड़ी शामिल है। इसी प्रकार 26 पंच पद के उपचुनाव होंगे जिनमें ग्राम पंचायत डबवाली में वार्ड नंबर 8 व 10, ग्राम पंचायत तेजाखेड़ा का वार्ड नंबर 2, बिज्जुवाली का वार्ड नंबर दो, नीलयांवाली का वार्ड नंबर चार, मौजगढ का वार्ड नंबर एक, आसाखेड़ा का वार्ड नंबर चार, लक्खुआना का वार्ड नंबर दो, गोरीवाला का वार्ड नंबर छह शामिल हैं। इसी प्रकार तलवाड़ा खुर्द का वार्ड नंबर 14, ढाणी संता सिंह का वार्ड नंबर एक, मल्लेकां का वार्ड नंबर एक, बेहरवाला खुर्द का वार्ड नंबर पांच, शेरपुरा के वार्ड नंबर तीन व छह, अली मोहम्मद का वार्ड नंबर छह, सिंहपुरा का वार्ड नंबर छह, चकेरियां का वार्ड नंबर तीन, गिदड़ांवाली का वार्ड नंबर चार, धोतड़ का वार्ड नंबर छह, दुडियावाली के वार्ड नंबर छह व 10, थेड़ी बाबा सावन सिंह का वार्ड नंबर दो, फरवाईकलां का वार्ड नंबर नौ, मंगाला का वार्ड नंबर 12, झोपड़ां का वार्ड नंबर चार में उप चुनाव होंगे। इसके अलावा तीन पंचायत समितियों के भी उप चुनाव करवाए जाने हैं, जिनमें पंचायत समिति ऐलनाबाद का वार्ड नंबर 19, पंचायत समिति ओढां का वार्ड नंबर एक तथा सिरसा पंचायत समिति का वार्ड नंबर आठ में भी रिक्त पद के कारण उप चुनाव होंगे।

### जिला स्वर्णकार संघ सिरसा के चुनाव को लेकर हुई बैठक

*सिरसा। जिला स्वर्णकार संघ सिरसा के आगामी चुनावों को लेकर बैठक हुई। बैठक में 7 सदस्यीय चुनाव कमेटी का गठन किया गया जिसमें तहसील सिरसा के प्रधान गजानदं सोनी, शहरी सिरसा के प्रधान विशाल सोनी, केवल वर्मा, सुखविंद्र सोनी, लीलाधर सोनी, सोनी धर्मशाला के प्रधान सोनू गोरीवाला, राजकुमार सोनी भूण को शामिल किया गया। इसमें राजकुमार भूण को सर्वसम्मति से चुनाव कमेटी का चेयरमैन व सुखविंद्र सोनी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। अमर सिंह भूण ने कहा कि संघ के चुनाव संगठन की मजबूती और एकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और अनुशासन बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संगठन के संविधान के अनुरूप कराए जाएंगे। चुनाव कमेटी के वाइस चेयरमैन सुखविंद्र सोनी ने बताया कि चुनाव के लिए 8 मार्च को सुबह 9 बजे बैठक बुलाई गई है। उक्त बैठक में 11 बजे तक सर्वसम्मति के प्रयास किए जाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### क्रेटा-पिकअप की आमने-सामने टक्कर

**फतेहाबाद।** शहर के नए बस स्टैंड के सामने एक क्रेटा कार और पिकअप गाड़ी के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। क्रेटा चालक के पैर में चोट आई, जबकि पिकअप चालक को हल्की चोटें लगी हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। डायल 112 टीम में शामिल पुलिसकर्मी रामेश्वर ने बताया कि देर रात को पिकअप ड्राइवर इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर हिसार की ओर से फतेहाबाद शहर की तरफ आ रहा था।

### जिला प्रशासन रेपिडो प्लेटफॉर्म से करेगा ऑनबोर्ड

**फतेहाबाद।** सेवा विभाग हरियाणा के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में रेपिडो कंपनी के साथ समझौता किए जाएगा। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार से जोडक़र आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को रेपिडो सेवा में कैप्टन/ड्राइवर के रूप में जोडऩे की प्रक्रिया संचालित की जाएगी, जिससे वे सम्मानजनक आय अर्जित कर सकेंगी और आत्मनिर्भर बन सकेंगी। डीसी डॉ. विवेक भारती ने सभी इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 25 फरवरी तक अपने आवेदन जिला कल्याण अधिकारी, फतेहाबाद कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

### गांव बड़ोपल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन 22 को

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में बड़ी नहर के समीप स्थित श्री माता अनसूया जी के निर्माणाधीन मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 22 फरवरी रविवार को दोपहर 12:15 बजे से प्रारंभ होगा। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार, माता अनसूया जी पतिव्रता, तप, त्याग और संस्कारों की साक्षात मूर्ति मानी जाती हैं। उनकी तपस्या से त्रिदेवों को बाल रूप में दर्शन देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। ऐसे पुण्य स्थल पर आयोजित यह सुंदरकांड पाठ समस्त ग्राम एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए किया जा रहा है। समिति ने फतेहाबाद सहित आसपास के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर सुंदरकांड पाठ में भाग लेने का आह्वान किया।

### खेल नर्सरी के लिए अब 22 तक करें आवेदन

**सिरसा।** खेल विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल नर्सरी योजना 2026-2027 के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत व निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, अब तारीख को आगे बढ़ाते हुए 22 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि खेल नर्सरी के लिए केवल ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित चुनिंदा खेलों के लिए नर्सरियां खोली जाएंगी। सभी पात्र, विभाग की वेबसाइट पर अपना आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन ने श्री गीता भवन में लगाया नेत्र चिकित्सा कैंप

# मोबाइल व लैपटॉप के ज्यादा प्रयोग से बच्चों को लग जाते हैं चश्मे: डॉ. विनोद

> कुदरत की तरफ से आंखें दूर तक देखने के लिए बनी थी, पर हम नजदीक का प्रयोग ज्यादा करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री गीता भवन मॉडल टाउन फतेहाबाद में आयोजित शिव पुराण कथा के दौरान आज मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस कैम्प में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा व उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी और मरीजों की आंखों की जांच की।

शिविर का शुभारंभ करते हुए डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि सतत जागरूक रहें, विशेष रूप से आंख जैसे छोटे से किंतु अति महत्वपूर्ण अंग के लिए। क्योंकि समय पर सावधान हो जाना ही आंखों को रोगों से बचा लेना है। रोग हो जाने पर तो वह स्थिति नहीं बन सकती, जो पहले थी। आंखों को धूल मिट्टी से बचाए रखें। कम से कम दो-तीन बार धोएं, अपनी मर्जी से या बाजारू


लोगों की आंखों की जांच करते डॉ. विनोद शर्मा

सुने सुनाए फार्मूले मत प्रयोग करें। ब्यूटी पार्लर में विशेष रूप से कैमिकल सजावट से बचें। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि आज बच्चों को जल्दी उम्र में चश्मे लगने का मुख्य कारण है, मोबाइल लैपटॉप का ज्यादा प्रयोग और कमरे से बाहर होने वाली गतिविधियां, खेल कूद का खत्म हो जाना। कुदरत की तरफ से आंखें दूर तक देखने के लिए बनी थी, पर हम नजदीक का प्रयोग ज्यादा करते हैं।

आंख का साइज लैंस बढ़ने से बढ़ जाता है, मायोपिया हो जाता है, फिर चश्मे भी लगते हैं। उन्होंने कहा कि स्क्रीन टाइम स्क्रीन डिस्टेंस ये सब गड़बड़ है। मोबाइल प्रयोग करें, परंतु 20-20-20 नियम का पालन करें। घर से बाहर जरूर खेलें कूदें। तभी इन समस्याओं का समाधान होगा। अंत में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने डॉ.विनोद शर्मा व वेदांश शर्मा को सम्मानित किया। शिविर में राजेश मेहता, राजीव मेहता, राजीव चौधरी, बसंत मुंजाल, सुशील चौधरी, कपिल मदान व अनिल सरदाना ने कैंप में अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर ऋषि बतरा, कण्व बतरा, किआन, डॉ.यजुर बतरा, नागेंद्र चौधरी ने पूजा कर आशीर्वाद लिया।

### घर बनाने पर ही जोर मत दो, बसाने की कला भी सीखो

श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए डॉ.स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि शिव पौराणिक वैदिक देव होने के साथ-साथ व्यावहारिक और पारिवारिक देव भी हैं। घर बनाया तो नहीं पर घर बसाया अवश्य है। घर टूटता कैसे है, सती चरित्र में यह लीला भी करके दिखाई है। हमें आज लगता है घर गृहस्थ ही अशांति का केंद्र है किंतु ऐसा नहीं है। हम लोग अपने ही कारणों से दुखी हैं किंतु थोप देते हैं घर पर। जैसे घर बनाने में ईंट पत्थर सीमेंट लेबर कारीगर को संभालना एक चुनौती है। उससे बड़ी चुनौती है घर बसाने के लिए रिश्ते निभाना। आसान नहीं है यह, झुकना पड़ता है, सुंदर रिश्ते बनाने के लिए। अपनी अकड़ को गलाना-मिटाना पड़ता है। जैसे सोने से यदि जेवर बनाना हो तो उसे तपना और फिर गलना पड़ता है। महापुरुष कहते हैं रिश्ते निभाने के लिए कुछ बातें भुलानी पड़ती हैं। हर नया दिन नई सोच से प्रारंभ करना होता है। पुरानी बातें लेकर गठान नहीं बांधी जाती। शिव चाहते हैं घर बने ही नहीं, बसे भी, किंतु दक्षपुत्री हैं तर्क प्रधान हैं, मस्तिष्क से ज्यादा काम लेती है। बात-बात में बहस, ऐसे में संबंधों में बिखराव साधारण सी बात है।

## बुजुर्गों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, संघर्ष के आगे झुकी सरकार


**फतेहाबाद।** इनेलो विजय दिवस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ सुनैना चौटाला।

- इनेलो ने मनाया विजय दिवस बुजुर्गों को 100 रुपये देकर व लड्डू खिलाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जाट धर्मशाला में आज इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसे जनता के संघर्ष और इनेलो की नीतियों की जीत करार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली ने की।

सुनैना चौटाला ने जननायक चौ. देवीलाल द्वारा शुरू की गई पेंशन के अनुरूप बुजुर्गों को 100-100 रुपये देकर व लड्डू खिलाकर सम्मानित भी किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन काटने का जो जनविरोधी निर्णय लिया था, इनेलो ने उसके खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी।

उन्होंने कहा, यह इनेलो के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है कि सरकार को अपना फैसला वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा।

### वोट बटोरने की राजनीति कर रही सरकार

मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले 10 वर्षों से केवल वोट बटोरने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार युवाओं और किसानों के हितों को रौंदने का काम कर रही है। मुफ्त सिलेंडर के नाम पर और 2100 रुपये की घोषणाएं करके महिलाओं को गुमराह किया गया, लेकिन चुनाव बाद सरकार अपनी बातों से मुकर गई। सुनैना चौटाला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जनता अब जागरूक हो चुकी है। मौके पर पूर्वमंत्री रामस्वरूप रामा, जगदीश झाझड़ा, हरबंस खन्ना, फतेहाबाद हलका प्रभारी सतपाल सिद्धू, हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा, टोहाना हलका प्रधान प्रेम सिंह कन्हड़ी, पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष हरि सिंह डांगरा, रमेश लाली, सुधीर एडवोकेट, अनिल सक्सेना, बीसी सैल अध्यक्ष भागीराम सोनी आदि मौजूद थे।

# शी-बॉक्स पोर्टल बना महिलाओं का सशक्त मंच

- ऑनलाइन शिकायत प्रणाली से बढ़ेगी पारदर्शिता और जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समान कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने की दिशा में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निपटारे के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित शी-बॉक्स पोर्टल की सुविधा का विस्तार किया गया है। अब निजी क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं भी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगी। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। पहले 24 जुलाई, 2017 को यह ऑनलाइन सुविधा केवल सरकारी महिला कर्मचारियों के लिए शुरू की गई थी, लेकिन अब इसे निजी क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए भी प्रभावी रूप से लागू किया गया है, महिलाओं को न्याय प्राप्त करने में सहुलियत मिलेगी।

### आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। प्रत्येक निजी प्रतिष्ठान में कम से कम चार सदस्यों वाली समिति गठित की जानी चाहिए, जो प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति करती है। उन्होंने बताया कि शी-बॉक्स पोर्टल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई शिकायत संबंधित विभाग या संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति को ऑनलाइन अग्रेषित की जाती है। इसके पश्चात समिति द्वारा निर्धारित समय सीमा में जांच कर कार्रवाई की जाती है तथा उसकी रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपडेट की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। डीसी ने जिले के सभी सरकारी व निजी संस्थानों से आह्वान किया कि वे अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें तथा अपने यहां गठित आंतरिक शिकायत समितियों को सक्रिय रखें। साथ ही उन्होंने कामकाजी महिलाओं से अपील की।

# दुकानों का कब्जा हटाने की कार्रवाई स्थगित

- महमडा के बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत की जमीन पर 32 लोगों ने बनाई अवैध दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

गांव महमडा के बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत की जमीन पर 32 लोगों द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दुकानों का कब्जा पुलिस फोर्स न मिलने के कारण आज भी हटाया नहीं जा सका। हालांकि कब्जा हटाने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच देवीलाल व पंचायत सदस्य मौके पर पहुंच गए थे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हनीश कुमार भी आ गये थे लेकिन जब उन्हें पता चला कि कब्जा हटाने के लिए पुलिस फोर्स उपलब्ध नहीं है तो उन्होंने कब्जा करवाई आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी।

ग्राम पंचायत महमडा की पंचायती भूमि पर कुछ सालों पहले 22 लोगों जिनमें भजन लाल, सतनाम लाल, रमेश चन्द, बलजीत सिंह, रेशम सिंह, हरी सिंह, बलबीर सिंह, करतार सिंह, मलकियत सिंह, लाला, दौलत राम, सतनाम, रामचन्द, लाभ सिंह, जोगिन्द्र सिंह, लख्खा सिंह, कृष्ण लाल, जगमाल, सगन लाल, प्रशोतम सिंह, कृष्ण लाल, सुखदेव सिंह ने कब्जा कर वहां पर दुकानों का निर्माण कर लिया है।


**रतिया।** गांव महमड़ा में बंद पड़ी दुकानें। *फोटो : हरिभूमि*

### नहीं मिली पुलिस फोर्स

सरपंच देवीलाल ने बताया कि ग्राम पंचायत की जमीन पर कुछ लोगों ने दुकान बना कर कब्जा कर रखा था और किराया भी नहीं दे रहे थे जिस कारण कोर्ट द्वारा कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। कब्जा हटाने के लिए पंचायत सदस्य मौके पर पहुंच गए थे लेकिन पुलिस फोर्स मौके पर उपलब्ध नहीं हो पाई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ हनीश कुमार ने बताया कि गांव महमडा में कब्जा हटाने की कार्रवाई आज की जानी थी लेकिन पुलिस फोर्स उपलब्ध नहीं हो पाई।


**फतेहाबाद।** पेंशन के चेक वितरित करते स्वामी दिव्यानंद महाराज। *फोटो : हरिभूमि*

### 32 जरूरतमंदों को पेंशन के चेक बांटे

**फतेहाबाद।** सरबत दा भला संस्था द्वारा आज 32 जरूरतमंदों को पेंशन के चेक वितरित किए गए। गीता मंदिर में स्वामी दिव्यानंद महाराज ने अपने करकमलों से इन जरूरतमंद परिवारों को मासिक पेंशन के चेक वितरित किए। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खीचड़, डॉ. सुमन बजाज, समाजसेवी विनोद अरोड़ा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। दिव्यानंद महाराज ने कहा कि संस्था जरूरतमंदों की मदद कर पुण्य की भागी बन रही है और जो व्यक्ति सहज भाव व सरल तरीके से ऐसा कार्य करते है वह सही मायने में सच्चे समाज सेवी होते है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था संरक्षक डॉ महेंद्र मेहता, पूर्व प्रधान सुरेंद्र गाबा, उपप्रधान धर्मपाल चावला, महासचिव ललित चौधरी, परम अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# गांव चिन्दड़ व बड़ोपल में पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सदर फतेहाबाद पुलिस ने आज विशेष अभियान चलाया। थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम के नेतृत्व में गांव चिन्दड़ व बड़ोपल में डॉग स्क्वॉड के साथ चेकिंग व तलाशी अभियान चलाया।

अभियान के दौरान गांव चिन्दड़ व बड़ोपल के मुख्य चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र तथा संदिग्ध स्थानों पर गहन जांच की गई। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके पहचान पत्रों की जांच की गई। पुलिस बल ने आसपास के ढाबों, दुकानों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तलाशी लेकर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध वस्तु की बारीकी से पड़ताल की। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में पैदल गश्त भी की गई। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।


**फतेहाबाद।** गांवों में तलाशी अभियान चलाते पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### योग नगर में जुआ खेलते 5 युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** जुआरियों पर नकेल कसते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने योग नगर में छापेमारी कर 5 युवकों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से हजारों की जुआ राशि बरामद की है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई संजय कुमार के नेतृत्व में शहर में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि योग नगर फतेहाबाद में झुग्गियों के नजदीक खाली पड़े प्लाट में झाड़ी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां जुआ खेल रहे 5 युवकों को काबू कर लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान मुकेश पुत्र कर्ण सिंह निवासी कबीर बस्ती, अवधीष उर्फ गुप्ता पुत्र मेवा लाल निवासी जगजीवनपुरा, विनोद पुत्र विजय सिंह निवासी शक्ति नगर, विक्रम पुत्र राजेन्द्र निवासी कबीर बस्ती व बोबी पुत्र करतार निवासी अशोक नगर फतेहाबाद के रूप में हुई।


**फतेहाबाद।** योग नगर में जुआ खेलते गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

# कॉलेज ग्राउंड में तलवार व डंडों से हमला करने के मामले में चार युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने नेशनल कॉलेज सिरसा में एक युवक पर तलवार व लाठी-डंडों से हमला करने का मामले में चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गांव सुचान कोटली निवासी 22 वर्षीय देवेंद्र ने बताया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12वीं तक शिक्षित है तथा एक कंप्यूटर सेंटर से बेसिक कंप्यूटर कोर्स कर चुका है।

बीती 17 फरवरी को वह कंप्यूटर डिप्लोमा आने की जानकारी लेने के लिए सिरसा आया था। बस स्टैंड पर बस से उतरकर वह कंप्यूटर सेंटर की ओर जा रहा था। हनुमान मंदिर के पास उसकी मुलाकात उसके दोस्त से हुई, जिसने उसे क्रिकेट खेलने के लिए नेशनल कॉलेज में जाने के लिए कहा। दोनों कॉलेज ग्राउंड में पहुंच गए तो वहां पर कुछ अज्ञात युवकों ने अपने हाथों में लिए तलवार व डंडों से वार कर चोटे मारी तथा गाली गलौच करने लगे।



## शिक्षा, पर्यावरण व जनसंख्या नियोजन की दिशा में कार्य करेगी संस्था

# 'जागो' संगठन का गठन, समाज सुधार का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के विभिन्न वर्ग के जुड़े हुए प्रबुद्धजनों ने जागो संगठन का गठन किया है। अब ये संगठन समाज की बुनियादी समस्याओं के समाधान और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

संगठन का मुख्य केंद्र बिंदु शिक्षा में सुधार, पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियोजन और भ्रष्टाचार उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषय रहेंगे। इस मौके पर संस्था के संरक्षक देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि जागो संस्था की विशेषता यह है कि इसमें किसी एक विशेष वर्ग के बजाय समाज के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे नागरिकों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संस्था में जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वैसे भी संस्था के नाम के रूप में जागो केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक बौद्धिक क्रांति का शंखनाद है। इसके प्रत्येक अक्षर में संगठन की विचारधारा और कार्ययोजना समाहित है। इस मौके पर रवि गढ़वाल, हरदीप सिंह, संजय आहूजा, प्रदीप जांगड़ा, प्रमोद बजाज, डिंपल चौधरी, अमरजीत मालवान, भारत गोयल, सुरेंद्र असीजा, सुनील सचेदवा, अमित रूखाया, विष्णु नाढ़ोडी, सेवा सिंह मुवाल, मिथलेश रोहिल्ला, प्रीतम फुटेला, पंकज कुक्कड़, अनिल शर्मा, रोहित चौहान, मिथलेश रोहिल्ला, प्रवीण शर्मा, विनोद शर्मा, ब्राइट गोदारा, मुकेश भदरेजा, विक्की, राजेश मेहुवाला, लक्की गिल्होत्रा व राजेश भादू मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते संगठन सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### विविध वर्गों का मिला समर्थन, राष्ट्रहित सर्वोपरि

संगठन के गठन के शुरुआती चरण में ही समाज के विभिन्न स्तंभों का सहयोग मिला है, जिसमें किसान, वकील, पत्रकार, व्यवसायी, दुकानदार और शिक्षक वर्ग के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए हैं। इस अवसर पर समाजसेवी हरदीप सिंह ने संगठन के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि जागो केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक चेतना है। उन्होंने कहा कि नाम के अनुरूप कार्य करते हुए हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना है। संस्था से जुड़ने के लिए विशेष नियम और अनुशासन तय किए गए हैं, ताकि सदस्य केवल भीड़ का हिस्सा न बनें, बल्कि संगठन से जुड़ने के बाद उनके स्वयं के व्यक्तित्व और आचरण में भी सकारात्मक बदलाव आए।